प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड

पत्रांकः उ०वि०शि०प०/शोध–पाठ्य0/प्रतिदर्श प्रश्नपत्र/291-300 /2022–23 दिनांक 23 दिस0, 2022

विषयः हाईस्कूल एवम् इण्टरमीडिएट स्तर पर नवीन प्रतिस्थापित व्यवस्था के क्रम में परिषदीय् परीक्षा–2023 की आवश्यक तैयारियों हेतु विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप अवगत हैं कि माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–4, उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्याः 512/XXIV-4/2022-01(01) 2016 T.C. दिनांक 05 जुलाई, 2022 के क्रम में वर्तमान सत्र 2022–23 से हाईस्कूल एवम् इण्टरमीडिएट स्तर पर विभिन्न विषयों के अंक विभाजन, हाईस्कूल स्तर पर उत्तीर्णता मानदण्डों व परिषदीय् परीक्षा के प्रश्नपत्रों के प्रारूप आदि में परिवर्तन हुआ है। इस सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्रांकः उ०वि०शि०प०/शोध/हाई0–अंक विभा0/204–213/2022–23 दिनांक 23 अगस्त, 2022 व पत्रांकः उ०वि०शि०प०/शोध/इण्टर–अंक विभा0/214–223/2022–23 दिनांक 23 अगस्त, 2022 के माध्यम से क्रमशः हाईस्कूल एवम् इण्टरमीडिएट पाठ्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी तथा दिशानिर्देश पूर्व में निर्गत किये जा चुके हैं। साथ ही नवीन प्रतिस्थापित व्यवस्था के व्यापक प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से दिनांक 13 सितम्बर, 2022 को परिषद् कार्यालय में आयोजित बैठक में भी आपको आवश्यक दिशानिर्देश दिये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त दिनांक 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर, 2022 के मध्य आपके साथ ही आपके जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ गूगल मीट में नवीन प्रतिस्थापित व्यवस्था की जानकारी उपलब्ध कराते हुये समस्त विद्यालयों, अध्यापकों व विद्यार्थियों तक विस्तृत जानकारी पहुँचाने के निर्देश दिये गये थे।

उपरोक्त क्रम में परिषदीय् परीक्षा–2023 की आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत् विषयाध्यापकों व विद्यार्थियों को परिषदीय् परीक्षा हेतु प्रश्नपत्रों के परिवर्तित प्रारूप की व्यापक जानकारी उपलब्ध कराने जाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **OLD/MODEL QUESTION PAPER** कार्नर पर अपलोड किये जा रहे हैं। विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्र चरणबद्ध रूप से अपलोड किये जायेंगे, अतः अपने अधीनस्थ संस्थाध्यक्षों को परिषद् की वेबसाइट का अनिवार्य रूप से नियमित अवलोकन करते रहने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में अपने जनपद में समस्त संस्थाध्यक्षों, विषयाध्यापकों व विद्यार्थियों के मध्य **अनिवार्य रूप से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुये कृत कार्यवाही से** इस कार्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

पृ0 सं0– उ०वि०शि०प०/शोध–पाठ्य0/प्रतिदर्श प्रश्नपत्र/291-300 /2022–23 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड/सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, देहरादून।
3. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, कुमाऊँ, नैनीताल/गढ़वाल, पौड़ी।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।
7. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।
8. समस्त संस्थाध्यक्ष उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।

(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)